दैनिक जागरण 18/12/2024

विद्यार्थियों को करियर के प्रति किया जागरूक

जागरण संवाददाता • अंबाला : अंबाला कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में करियर इंपावरमेंट पर सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन कालेज के मैनेजमेंट विभाग व टीम द इंडियन मुनीम अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने जाब के लिए फारेन अकाउंटिंग की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। सेमिनार में अकाउंटिंग और इंटरनेशनल अकाउंटिंग के साफ्टवेयर की जानकारी दी गई।

इस मौके पर साहिल वर्मा, कोमल अग्रवाल, श्वेता कोमल और करुण बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर उपस्थित रहे।

इन्होंने बताया कि दूसरे देशों में इन साफ्टवेयर की क्या महत्ता है। कार्यक्रम की संयोजक डा. भारती ने अतिथियों का स्वागत किया। इस सेमिनार मे 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर साहित्य परिषद के विद्यार्थी अश्वनीत ने सभी आए वक्ताओं का धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर डा. रवनीत कौर आदि मौजूद रहीं।

जीएमएन कालेज में करियर इंपावरमेंट सेमिनार में विद्यार्थी व अन्य। • सौ. विज्ञप्ति

इसी तरह कालेज की लैंग्वेज लैब का शुभारंभ एलुमनी अंजलि वधावन द्वारा किया गया। वे इस लैब में उपदेशक रहेंगी। प्राचार्य ने बताया कि लैंग्वेज लैब एनइपी में भारतीय ज्ञान प्रणाली के अनुसार ही तैयार की गई है। यहां सभी भाषाओं को ध्यान में रखा गया है। लैब की अध्यक्ष महक ने बताया कि जो छात्र अंग्रेजी संचार कौशल-पढ़ने, लिखने और समझने में कमजोर हैं, उनकी पहचान संचार कौशल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाले संकाय द्वारा की जाएगी और उन्हें भाषा प्रयोगशाला में काम करने के लिए असाइनमेंट दिया जाएगा।